करार: 1334 हेक्टेयर जमीन का 90 वर्ष के लिए लीज एग्रीमेंट किया गया, पीएम करेंगे शिलान्यास

जेवर एयरपोर्ट का निर्माण तेज होगा: योगी

ऐलान

राज्य मुख्यालय | **विशेष संवाददाता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर की 1,334 हेक्टेयर जमीन का 90 साल के लिए लीज़ एग्रीमेण्ट किया गया। अब इसका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कराए जाने की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके साथ ही अब जेवर एयरपोर्ट का तेजी से निर्माण शुरू होगा।

मुख्यमंत्री आवास पर लीज एग्रीमेंट कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश को विश्व पटल पर विकास योजनाओं को तेजी के साथ क्रियान्वित करने के लिए जाना जाएगा। इससे उत्तर प्रदेश की एयर कनेक्टिविटी और बेहतर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि आम आदमी को भी हवाई सेवाएं उपलब्ध हो सकें। जेवर एयरपोर्ट का विकास उनके इस सपने को साकार करेगा।

पहले थे चार एयरपोर्ट अब हो गए हैं 8 एयरपोर्ट: मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2017 में चार एयरपोर्ट थे तथा कुल 25 गन्तव्य स्थान हवाई सेवाओं से जुड़े थे। अब आठ एयरपोर्ट हो गए हैं, जिनसे कुल 71 गंतव्य स्थानों के लिए हवाई सेवाएं उपलब्ध हैं। 10 एयरपोर्ट्स का विकास कराया जा रहा है।

प्रथम चरण तीन वर्ष में पूरा होगा: वर्ष 2021-22 में इस एयरपोर्ट का निर्माण कार्य प्रारम्भ होकर प्रथम चरण का कार्य तीन वर्ष में पूर्ण होगा। एग्रीमेंट के मौके पर विशेष सचिव नागरिक उड्डयन विशाक जी0 और तथा नोएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की ओर से यीडा के सीईओ डॉ. अरुण वीर सिंह ने हस्ताक्षर किए।

लखनऊ में शनिवार को जेवर एयरपोर्ट की जमीन के लिए हुए लीज एग्रीमेंट के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ, मुख्य सचिव आरके तिवारी, विशेष सचिव नागरिक उड्डयन विशाक जी और यीडा के सीईओ डॉ. अरुण वीर सिंह समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

यूपी में हो जाएंगे पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लखनऊ, वाराणसी तथा कुशीनगर में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के हवाई अड्डे हैं। जेवर एवं अयोध्या में बनने वाले अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों इनकी संख्या बढ़कर पांच हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट की जमीन से एयरपोर्ट की भूमि से सम्बन्धित परिवारों के पुनर्वासन से पुनर्व्यवस्थापन का कार्य 99 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

राज्य मुख्यालय। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अधिकारी अपने कार्यालय में रोजाना दो घंटे बैठकर जनता की समस्याएं सुनें और उसका जल्द समाधान कराएं। मुख्यमंत्री खुद भी अब रोजाना जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन कर समाधान करवा रहे हैं। शनिवार को उन्होंने मुख्यमंत्री आवास पर बाहर से आए फरियादियों को बुलवा लिया और सबके पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समाधान कराने का निर्देश दिया। सीएम ने अधिकारियों से जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। उनके काम की समीक्षा सीएम ऑफिस से की जाएगी।